an>

Title: Regarding electricity and water problem in Machhlishahar Parliamentary Constituency of Uttar Pradesh.

श्री राम चरित्र निषाद (मछलीशहर): माननीय अध्यक्ष महोदया, बहुत-बहुत धन्यवाद। मैं सबसे बड़े प्रदेश उत्तर प्रदेश के मछलीशहर से पहली बार चुनकर लोक सभा में आया हूँ। मैं आपके माध्यम से अपनी सरकार से यह निवेदन कर रहा हूँ कि मछलीशहर लोक सभा में देश की आज़ादी से आज तक 40 परसेंट ऐसे गाँव हैं जहाँ न बिजली है, न पानी है, न चलने का रास्ता है।

मैं आपके माध्यम से अपनी सरकार से अनुरोध करता हूँ कि हमारी लोक सभा में यह बुनियादी व्यवस्था कराने की कृपा करें।

माननीय अध्यक्ष : श्री छोटेलाल जी, शून्यकाल के लिए दो विषय नहीं देते। एक ही विषय आपने शून्यकाल में उठाना है। यह ध्यान में रखें और किसी भी एक विषय पर अपनी बात कहें।